बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001.

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 04/2016 के अन्तर्गत शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अधीन राज्य के सरकारी प्रशिक्षण महाविद्यालयों में कला एवं शिल्प विषय में व्याख्याता के नवसृजित 26 पदों पर खुली प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा भरे जानेवाले पदों हेतु दिनांक 11.03.2017 के समाचार पत्रों में अत्यावश्यक सूचना देते हुए कुल 191 उम्मीदवारों से नये संशोधित विहित प्रपत्र में "**विषय चयन**" हेतु आवेदन की मांग दिनांक 24.03.2017 तक की गई थी। निर्धारित तिथि तक मात्र 51 उम्मीदवारों का आवेदन प्राप्त हुआ, शेष 140 उम्मीदवारों का आवेदन अद्यावधि अप्राप्त है। आयोग द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शेष नये 140 उम्मीदवारों को पुनः एक अंतिम अवसर देते हुए विषय चयन से संबंधित आवेदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है।

इस आलोक में 140 उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गयी है। इस सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संशोधित नये विहित आवेदन प्रपत्र के कॉलम–04 में "**विषय**" यथा (1) चाक्षुष कला (2) प्रदर्श कला–गायन एवं वादन (3) प्रदर्श कला–नृत्य एवं नाटक इन तीन विषयों में से कोई एक विषय का चयन करते हुए निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 21.04.2017 के अपराह्न 5.00 बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय। जो आवेदक संशोधित नये विहित प्रपत्र में विषय का चयन करते हुए आवेदन निर्धारित तिथि तक निबंधित डाक से आयोग में नहीं भेजेंगे, उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

3/4

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना